

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### लोकतंत्र की रक्षा के लिए कांग्रेसी हर कुर्बानी के लिए तैयारः प्रीतम सिंह

**संवाददाता** देहरादून। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राट्रीय अध्यक्षा सोनिया गांधी के आह्वान पर आज उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिंह के नेतृत्व में कांग्रेसियों का हुजूम सड़कों पर काले छाते लेकर उतर गया। देश में लगातार गैर बीजेपी सरकारों को गिराने का जो सिलसिला चल रहा है उसको कांग्रेस ने लोकतंत्र की हत्या का प्रयास बताते हुए आज देश भर में राजधानियों में राजभवन पर प्रदर्शन का आह्वाहन किया था। उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने आज राजधानी देहरादून में राजभवन घेराव का आह्वाहन किया था।

### विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया

**संवाददाता**

देहरादून/डोईवाला। हर ज्ञान चंद सरस्वती विद्या मंदिर के संस्थापक एवं प्रसिद्ध समाजसेवी स्वर्गीय मांगेराम अग्रवाल की 17वीं पुण्यतिथि पर आशीर्वाद वाटिका, डोईवाला में पौधारोपण, विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा राज्य मंत्री धन सिंह रावत, उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा स्व. मांगेराम जी को श्रद्धांजलि अर्पित कर किया।

### डा. मनोज शर्मा चुने गए कोरोना वॉरियर

**संवाददाता** देहरादून। लॉकडाउन अवधि में शासकीय विभागों द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्यों के दृष्टिगत आज का कोरोना वॉरियर डॉ0 मनोज शर्मा उप चिकित्सा अधीक्षक राजकीय दून मेडिकल कालेज देहरादून को चुना गया। वे कोविड–19, के अन्तर्गत दिये गये दायित्वों का कुशलपूर्वक निर्वहन कर रहे हैं।

### शहीद मनोज राणा की सातवीं पुण्यतिथि पर उन्हें याद किया गया

**संवाददाता** देहरादून। देहरादून के राजपुर निवासी अमर शहीद मनोज राणा की सातवीं पुण्यतिथि के अवसर पर मसूरी विधायक गणेश जोशी ने शहीद के चित्र पर पुष्पाजंलि अर्पित की। शहीद मनोज राणा भारतीय सेना के 2/4 गोरखा राईफल में तैनात थे। वर्ष 2013 में आज ही के दिन एक आतंकी हमले में जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा में वह शहीद हो गये थे। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड सैन्यधाम है और राज्य के प्रत्येक पाँचवें परिवार से एक व्यक्ति सेना में है। विदित हो कि विधायक गणेश जोशी ने हंस फाउंडेशन की मदद से राजपुर मुख्य चौक पर राईफलमैन मनोज राणा के नाम से शहीद द्वार भी बनाया है।

## योजनाओं को तैयार करते समय प्रवासी नागरिकों का ध्यान रखा जाए

**निर्देश**

■सतपाल महाराज ने लम्बे समय से एक ही स्थान पर डटे अधिकारियों का ब्यौरा तलब किया

**संवाददाता**



जलागम मंत्री सतपाल महाराज समीक्षा बैठक लेते हुए।

उत्तराखंड के जलागम मंत्री सतपाल महाराज ने आज जलागम निदेशालय में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर निर्देश दिए कि जितनी भी योजनाएं तैयार की जा रही हैं उनमें उत्तराखंड आए प्रवासी नागरिकों और बेरोजगारों को भी उन योजनाओं से जोड़कर उन्हें भी इसका लाभ दिया जाए।

जलागम मंत्री सतपाल महाराज ने इन्दिरा नगर स्थित जलागम निदेशालय में अधिकारियों के साथ बैठक कर जलागम द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करने के साथ–साथ अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह विधानसभा क्षेत्र चौबट्टाखाल सहित पूरे उत्तराखंड में ग्रोथ सेंटरों की संख्या वह उनकी अद्यतन स्थिति की भी जानकारी उन्हें तत्काल उपलब्ध करवाएं। उन्होंने कहा कि जलागम के कार्यक्षेत्र को बढ़ाया जाए ताकि उत्तराखंड आये प्रवासियों सहित सभी बेरोजगारों को प्रोत्साहित किया जा सके। सतपाल महाराज ने कहा कि अक्सर देखने में आ रहा है कि जलागम के उच्च अधिकारी लंबे समय से एक ही स्थान पर तैनात है ऐसा नहीं होना चाहिए। किसी भी अधिकारी को यदि फील्ड का चार्ज दिये जाने से पूर्व पत्रावली अनुमोदन हेतु प्रस्तुत करना आवश्यक है। जलागम मंत्री ने कहा कि मुख्यालय में संविदा पर तैनात अधिकारियों सहित ऐसे अधिकारियों का भी विवरण उन्हें उपलब्ध करवाया जाए, जिनकी लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही हैं।

समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए जलागम मंत्री ने कहा कि जलागम परियोजना के अंतर्गत ग्रामों में जो सोलर सिस्टम लग रहे हैं उसमें स्थानीय विक्रेताओं को लाभ सुनिश्चित किया जाए। सतपाल महाराज ने बताया कि लगभग 334 ग्राम पंचायतों को सम्मिलित करते हुए समग्र जलागम उपचार का कार्य किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2020–21 हेतु कुल 208.16 करोड के बजट में से 84.67 करोड़ अवमुक्त हो चुका है। सतपाल महाराज ने कहा कि जल संरक्षण, संभरण एवं जल स्रोतों के उपचार हेतु किये जा रहे कार्यों के परिणाम स्वरूप 1485 जल स्त्रोतों के उत्सर्जन में 22 से 27 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

सौर ऊर्जा का प्रयोग करके 144 हेक्टेयर बारानी कृषि क्षेत्रों में सौर ऊर्जा के माध्यम से सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई गई है। बेमौसमी उच्च मूल्य फसलों को बढ़ावा देने हेतु पॉली हाउस एवं पॉली टनल का निर्माण किया जा रहा है जिससे उत्पादन अधिक होने एवं बेमौसम में उत्पादक के विक्रय से कृषकों की अधिक नियमित आय होना सुनिश्चित हुआ है।

### राष्ट्रव्यापी कृत्रिम गर्भाधान योजना का दूसरा चरण 1 अगस्त से होगा शुरू

**संवाददाता** देहरादून। राष्ट्रव्यापी कृत्रिम गर्भाधान योजना का दूसरा चरण 1 अगस्त से अगले वर्ष 31 मई तक संचालित किया जाएगा। इसके तहत प्रत्येक जनपद में 50 हजार पशुओं को सफलतापूर्वक गर्भित करने का लक्ष्य रखा गया है। पशुपालकों को देशी गाय व भैंस का लिंग वर्गीकृत वीर्य केवल 100 रूपए में उपलब्ध कराया जाएगा। सचिव पशुपालन आर. मीनाक्षी सुन्दरम ने सोमवार को मीडिया सेंटर, सचिवालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी।

सचिव आर मीनाक्षी सुन्दरम ने बताया कि योजना का उद्देश्य पशु नस्ल में सुधार और उच्च आनुवांशिक गुणवत्ता के पशुओं की संख्या में वृद्धि करके पशुपालकों की आजीविका में वृद्धि करना है। राष्ट्रव्यापी कृत्रिम गर्भाधान योजना (द्वितीय चरण) प्रदेश के सम्पूर्ण जनपदों के समस्त ग्रामों में राजकीय, बायफ, डेयरी व प्राइवेट कृत्रिम गर्भाधान केन्द्रों पर निःशुल्क उपलब्ध होगी। योजना में प्रत्येक जनपद में 50 हजार पशुओं को सफलतापूर्वक गर्भित करने का लक्ष्य रखा गया है। एक बार में पशु गर्भित न होने पर दूसरी व तीसरी बार तक निःशुल्क कृत्रिम गर्भाधान की सुविधा दी जायेगी। गाय–भैंसों में समस्त प्रकार की देशी विदेशी प्रजातियों के वीर्य उपलब्ध होंगे।

## जनसुनवाई कार्यक्रम में एडीएम ने सुनीं जनसमस्याएं

**जनसुनवाई**

■आम लोगों द्वारा 19 शिकायतें/समस्याएं प्रस्तुत की गई

देहरादून। **संवाददाता**



जिला कार्यालय में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व बीर सिंह बुदियाल की अध्यक्षता में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर आम लोगों द्वारा 19 शिकायतें/समस्याएं प्रस्तुत की गई, जिनमें मुख्यरूप से जलभराव निकासी, पुस्ता निर्माण, भूमि आवंटन, विद्युत पोल शिफ्ट करने, जबरन भूमि कब्जा, शस्त्र लाइसेंस, पैतृक भवन की साफ–सफाई, कोविड–19 नेगिटिव रिपोर्ट के उपरांत फैक्ट्री खोले जाने, वेतन भुगतान, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सम्मान पत्र उपलब्ध कराने, जल निकासी करने, स्मार्ट सिटी के डंपिंग जोन हटाने, दाखिल खारिज, स्कूल का मामला, स्पीड ब्रेकर निर्माण करने के अलावा शस्त्र लाइसेंस स्थानांतरण करने संबंधी मामले से उठाए गए।

जनसुनवाई के दौरान जे.बी डिमरी राजेश्वर नगर फेज–5 ने प्रॉपर्टी डीलर द्वारा नाले के ऊपर भवन निर्माण होने से जलभराव की समस्या से अवगत कराया, जिस पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने एसडीएम सदर को मौका मुआयना करने के निर्देश दिए, कांवली रोड निवासी विपिन कुमार ने गंदे नाले की पुस्ते की दीवार क्षतिग्रस्त होने तथा उसकी मरम्मत कराए जाने की समस्या पर उप नगर अभियंता नगर निगम को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए, छिद्दरवाला में दलबहादुर थापा द्वारा क्रय की गई भूमि आवंटित न होने का मामला उठाया, जिस पर उप जिलाधिकारी डोईवाला को आवश्यक कार्यवाई के निर्देश दिए गए। मधुर विहार अजबपुरकलां के मदन सिंह सजवान के निजी भूमि से विद्युत पोल अन्यंत्र स्थानान्तरित करने की समस्या रखी, जिस पर अपर जिलाधिकारी द्वारा यूपीसीएल को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा गया, डांडा लखौण्ड के अरविंद ने भूमि पर जबरन कब्जा करने की समस्या रखी, इस पर अपर नगर मजिस्ट्रेट को आवश्यक कार्यवाई के निर्देश दिए गए।

### बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान को और आगे बढ़ाना होगाः सीएम

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने सोमवार को लच्छीवाला वन विश्राम गृह परिसर में वृक्षारोपण किया। आदर्श औद्योगिक स्वायत्तता सहकारी समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान को और आगे बढ़ाना होगा। आज बेटियां किसी भी क्षेत्र में पुरूषों से कम नहीं हैं। वे हर क्षेत्र में अच्छा कार्य कर रही हैं। राज्य में भूमि में पति के साथ पत्नी का नाम भी हो इस पर राज्य सरकार कानून ला रही है। ताकि राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ महिलाओं को भी मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्याधीन सेवाओं में विवाहित पुत्रियों को भी आश्रित के रूप में सेवा देने वाला उत्तराखण्ड देश का पहला राज्य है। इस अवसर पर उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, आशा कोठारी अध्यक्ष आदर्श औद्योगिक स्वायत्तता सहकारी समिति, हरीश कोठारी, मौलाना अब्दुल कुदुस, ज्ञानी हरप्रीत सिंह सहित वन विभाग के अधिकारी भी उपस्थित थे।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ.-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०-
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।